2

गाँधीवादी चिंतक काका कालेलकर

पाठ परिचय – प्रस्तुत पाठ महान गाँधीवादी विचारक और चिंतक दत्तात्रेय बालकृष्ण काका कालेलकर के जीवन को दर्शाता है। इन्होंने एक शिक्षक के रूप में जीवन आरम्भ किया, फिर मोक्ष की खोज में हिमालय की ओर चल पड़े। स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए नई पीढ़ी को तैयार करना आवश्यक जानकर शिक्षक बन गए। शिक्षक के रूप में शांति निकेतन में गाँधी जी से मिलकर उनकी उग्र क्रांतिकारी विचारधारा शांत हो गई। गाँधी जी द्वारा चलाए गए आंदोलनों में उन्होंने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अनेक बार जेल गए। गुजराती और मराठी के अलावा हिंदी और अंग्रेजी में 30 से अधिक पुस्तकें लिखीं। उनकी द्वितीय सेवाओं के लिए भारत सरकार ने सन् 1964 में 'पद्मविभूषण' से सम्मानित किया। सन् 1985 में उनके सम्मान में 'डाक-टिकट' जारी किया गया। इनका निधन 21 अगस्त, 1981 को हुआ।

1. व्याकरणिक परिचय–

(क) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–

सशस्त्र – .... विलक्षण – ....

स्मरण – .... स्वाभाविक – ....

मोक्ष – ....

(ख) निम्नलिखित समश्रुतभिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए–

	अर्थ	वाक्य प्रयोग
अनल	....	....
अनिल	....	....
अंक	....	....
अंग	....	....
मूल	....	....
मूल्य	....	....

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(क) काका कालेलकर कौन थे? इनका पूरा नाम क्या था?

....

(ख) इन्होंने शिक्षक के रूप में कहाँ जीवन प्रारम्भ किया?

....

(ग) विभिन्न क्षेत्रों की पदयात्रा करने के बाद इन्हें क्या महसूस हुआ?

....

(घ) गाँधी जी की गिरफ़्तारी के बाद उन्होंने किस भाषा के और कौन से पत्र का सम्पादन किया?

....

(ङ) भारत सरकार ने उन्हें क्यों और किस प्रकार सम्मानित किया?

....

3. (क) निम्नलिखित वाक्यों के रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

(i) प्रारंभिक जीवन में काका देश की स्वाधीनता के लिए .... संघर्ष के पक्षधर थे।

(ii) काका कालेलकर .... की खोज में हिमालय की ओर गए।

(iii) .... में उनकी मुलाकात गाँधी जी से हुई।

(iv) .... साहित्य का अनुवाद मराठी और गुजराती भाषाओं में किया।

(v) वर्ष .... में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।

(ख) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए-

प्रख्यात – ....

सशस्त्र – ....

विलक्षण – ....

विशाल – ....

संघर्ष – ....

4. आओ सीखें-

(क) उपसर्ग- जो शब्दांश शब्दों के आगे जुड़कर उसके अर्थ को बदल देते हैं। उन्हें उपसर्ग कहते हैं। जैसे-
स्व+तंत्र=स्वतंत्र, वि+लक्षण=विलक्षण आदि।

(ख) निम्नलिखित उपसर्ग द्वारा दो-दो शब्द-निर्माण कीजिए-

परा – .... उप – ....

परि – .... प्र – ....

प्रति – ....

5. रचनात्मक गतिविधि-

(क) 'स्वतंत्रता संग्राम' में भाग लेने वाले वीरों, महापुरुषों तथा देशभक्तों के चित्रों को एकत्र कीजिए और कोलाज बनाइए।

(ख) गाँधी जी द्वारा चलाए गए आंदोलनों की सूची बनाइए।